भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2228**
**13 दिसम्बर, 2024 को उत्तर के लिए**

## स्टील, सीमेंट और कंक्रीट के लिए हरित खरीद

**2228. श्री रविचंद्र वद्दीराजू:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार स्टील, सीमेंट और कंक्रीट हेतु हरित सार्वजनिक खरीद को बढ़ावा देने के लिए कनाडा, जर्मनी या संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों के साथ काम कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार सरकारी निर्माण परियोजनाओं में कम कार्बन वाली सामग्री का उपयोग करने के लिए यू.एस. फेडरल बाय क्लीन इनिशिएटिव के समान परिपाटियों को अपनाने पर विचार कर रही है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार ने सरकारी खरीद में कम उत्सर्जन वाले स्टील और सीमेंट हेतु मानक निर्धारित करने के लिए जर्मनी के अनुरूप सार्वजनिक परामर्श या हितधारकों के साथ चर्चा आयोजित की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री एच.डी. कुमारास्वामी)**

(क) से (ग): भारत की अपनी विशिष्ट आवश्यकताएं हैं और इसलिए भारतीय परिदृश्य से निपटने और कम उत्सर्जन संक्रमण तथा हरित सार्वजनिक खरीद के लिए मानक निर्धारण के लिए अच्छी तरह से डिजाइन की गई पहलों और नीतियों के साथ कार्य करता है।

इस संबंध में, इस्पात मंत्रालय ने इस उद्देश्य के लिए इस मंत्रालय द्वारा गठित 14 कार्यबलों की सिफारिशों के अनुरूप "भारत में इस्पात क्षेत्र को हरित बनाना: रोडमैप और कार्य योजना" शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट इस्पात क्षेत्र का व्यापक अवलोकन प्रदान करती है और इस्पात क्षेत्र के अकार्बनीकरण के लिए विभिन्न मार्गों पर चर्चा करती है। यह हरित प्रौद्योगिकियों के विभिन्न प्रमुख लीवरों के कार्यान्वयन में चुनौतियों पर भी प्रकाश डालती है और इसके लिए रणनीति, कार्य योजना और रोडमैप तैयार करती है।

****